शहर को सुंदर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत लगेंगे डिजाइनर पोल, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विकास एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की ली समीक्षा

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विकास कार्य एवं विभिन्न योजनाओं को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। शहर को सुंदर बनाने के लिए डिवाइडर में डिजाइनर पोल लगाए जाएंगे वही पोल में लगे लाइटों को दुरुस्त किया जाएगा। जहां लाइट नहीं है वहां लाइट लगाए जाएंगे इसके अलावा पोल में नंबरिंग किया जाएगा ताकि यह पता चल सके कि कौन से पोल की लाइट खराब है और इस आधार पर लाइट को ठीक किया जा सके। मार्केट क्षेत्र एवं मुख्य सड़कों के लाइट को भी ठीक किया जाएगा। महापौर एवं आयुक्त ने इसके निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। अंडर ब्रिज में जलभराव से निजात दिलाने के लिए अधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी अंडर ब्रिज के पानी भरने पर निकासी की व्यवस्था बनाएंगे। शहर के डिवाइडर को भी ठीक किया जाएगा जहां मरम्मत एवं संधारण की आवश्यकता होगी उसे ठीक किया जाएगा साथ ही डिवाइडर को अच्छा लुक देने के लिए पेंटिंग भी की जाएगी, ताकि राहगीरों को डिवाइडर आकर्षक लगे। इसके अलावा महापौर एवं आयुक्त ने वृक्षारोपण कार्य , वेंडिंग जोन, स्वच्छ सर्वेक्षण, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय , चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री मितान योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना , गोधन न्याय योजना , नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना, आयुष्मान कार्ड, राजीव युवा मितान क्लब , बेरोजगारी भत्ता, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल , स्मार्ट सिटी बस का संचालन , अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण , रोड मरम्मत एवं संधारण, वाटर एटीएम, एसी बस स्टॉप, जलभराव क्षेत्रों की समीक्षा, माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के कार्य, 14 वे एवं 15 वे वित्त के कार्य आदि की समीक्षा की।